तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

10 जो समाज अपनी परंपरा, संस्कृति, इतिहास पर गर्व नहीं करता, ...


12 कुरुद सोसाइटी में चना खरीदी पर बवाल




## खबर संक्षेप

### हनुमंत धाम रूद्री में आज दुकालू यादव का जसगीत




**धमतरी।** मां कुष्माण्डा देव दक्षिणमुखी हनुमंत धाम रूद्री में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन राम मंदिर निर्माण की उद्घोषणा भी की जाएगी। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध जसगीत गायक दुकालू यादव का कार्यक्रम भी होगा। प्रशासनिक अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम शाम 7.30 बजे शुरू होगा। मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा मंत्र गुरू खुशवंत साहेब होंगे। अध्यक्षता केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम करेंगे। विशिष्ट अतिथि डेनिस चंद्राकर होंगे।

### सोनेवारा में जातरा मेला आज, नाचा भी होगा

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा कुंवर दाई का जातरा मेला 2 अप्रैल गुरुवार को रखा गया है। रात्रि में मोर गांव के भुईयां छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी माउलीभाटा जिला नुवापाड़ा ओडिशा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष महेश कुमार ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि परमानंद निषाद ने दी है।

### झिरिया धोबी समाज की बैठक 5 को

**धमतरी।** झिरिया धोबी समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक 5 अप्रैल को ग्राम अछोटी में रखी गई है। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला अध्यक्ष मंगलूराम निर्मलकर ने पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की है।

### रोजगार मेला अब 15 को 200 पदों पर होगी भर्ती

**धमतरी।** जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अब 15 अप्रैल को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि पूर्व में यह रोजगार मेला 10 अप्रैल को आयोजित होना था, जिसमें संशोधन किया गया है। अब यह रोजगार मेला 15 अप्रैल को होगा।

### पंडरीपानी में मानस सम्मेलन आज

**नगरी।** धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पंडरीपानी (सिहावा) स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में राज्यस्तरीय एक दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन 2 अप्रैल को किया गया है। कार्यक्रम में हनुमानजी की आराधना के साथ भक्तिमय वातावरण में मानस पाठ एवं भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जाएंगे। जय मां अंगारमोती मानस परिवार पंडरीपानी, सीताराम बालिका मानस परिवार भोथली (कुरूद), सप्तऋषि के छांव मानस परिवार लटियारा, श्री हरि मानस परिवार फिंगेश्वर, छत्तीसगढ़ के खजुराही भोरमदेव मानस परिवार कवर्धा, मोर मयारू मानस परिवार गुदगुदा तथा हरि मिलन मानस परिवार भोथीपार की मंडलियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी। आयोजक समिति ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में भक्ति, संस्कार एवं एकता का संदेश प्रसारित करना है।



# यूजर चार्ज वसूली सुस्त, गांवों में कचरा कलेक्शन पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

यूजर चार्जेस नहीं मिलने से गांवों में कचरा कलेक्शन का काम संकट के दौर से गुजर रहा है। कई गांवों में कलेक्शन बंद है और मेंटनेंस के अभाव में रिक्शा खराब होकर सड़ने लगे हैं। यही स्थिति कचरा अलग करने के लिए बनाए गए भवनों की है।

जिला ओडीएफ घोषित होने के बाद से स्वच्छ भारत मिशन गांवों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन पर फोकस कर रहा है। काफी मशक्कत और ग्रामीणों को समझाइश देने के बाद जिले के 620 में से 565 गांवों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शुरू किया गया। कचरा कलेक्शन के लिए हर गांव में रिक्शा दिया गया। अब फंड के अभाव में कचरा कलेक्शन पर संकट मंडरा रहा है। बड़े और रोड किनारे वाले गांवों में कचरा कलेक्शन चल रहा है, लेकिन अंदरूनी गांवों में कचरा कलेक्शन की स्थिति खराब है। अधिकांश गांवों में कचरा कलेक्शन करने वाली महिलाओं को मानदेय नहीं मिल रहा है, जिसके चलते कलेक्शन बंद है। यही नहीं कचरा कलेक्शन के लिए दिए गए रिक्शे कबाड़ हो गए हैं।

## महिलाओं को मानदेय देने नहीं मिलता अलग से कोई फंड

### नहीं देते यूजर चार्ज

गांवों के अधिकांश घरों में मवेशियों का पालन किया जाता है। इन घरों में मवेशी के तबेले में मच्छर, मक्खी भगाने के लिए रोज आग जलाई जाती है। ग्रामीण इसी आग में झिल्ली, प्लास्टिक बॉटल सहित अन्य प्लास्टिक के कचरे को जला देते हैं। वे घर से कचरा नहीं निकालते हैं और न ही कचरा कलेक्शन के लिए यूजर चार्ज दे रहे हैं। इस समस्या के चलते गांवों में यूजर चार्ज की वसूली काफी कम हो रही है। यूजर चार्ज नहीं मिलने से कचरा कलेक्शन करने वाली महिलाओं को मानदेय भी नहीं मिल रहा है।



### लाखों के शेड अनुपयोगी

झिल्ली, कांच सहित अन्य प्रकार के कचरे की अलग-अलग छंटाई करने के लिए गांवों में लाखों की लागत से कचरा शेड बनाए गए है। जानकारी के अनुसार 583 गांवों में शेड निर्माण किया गया है। कचरा कलेक्शन नहीं होने से ये शेड अनुपयोगी हो गए हैं। कई गांवों में अवांछित तत्वों ने इस शेड को अपना ठिकाना बना लिया है।

### धमतरी डिवीजन के 3600 सरकारी कनेक्शन को अगले माह से बिजली के लिए पहले करना होगा भुगतान

# पहले सरकारी बिजली कनेक्शन होंगे प्रीपेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पहले चरण में सरकारी विभागों की बिजली प्रीपेड होगी। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। अगले माह से कलेक्टोरेट से लेकर ग्राम पंचायत के सभी सरकारी कनेक्शन को बिजली के लिए पहले भुगतान करना होगा। इसके बाद घरेलू, व्यावसायिक, औद्योगिक सहित अन्य कनेक्शनों को भी प्रीपेड किया जाएगा।

धमतरी जिला सहित पूरे प्रदेश में भी अब मोबाइल की तरह रिचार्ज कराने पर बिजली मिलेगी। इस योजना के पहले चरण में जिले के सरकारी विभागों के बिजली कनेक्शन प्रीपेड होंगे। जानकारी के अनुसार धमतरी डिवीजन में 3600 सरकारी कनेक्शन हैं। अगले माह से इन कनेक्शनों पर बिजली सप्लाई के लिए पहले भुगतान करना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार की सहमति मिल गई है। जानकारी के अनुसार विभागों को तीन माह का रिचार्ज करना होगा। यह रिचार्ज खत्म होने पर फिर से रिचार्ज करना होगा। इस योजना से फिलहाल आम जनता को राहत है, लेकिन आने वाले समय में आम जनता के बिजली कनेक्शन भी प्रीपेड हो जाएंगे।



### सरकारी विभागों में लाखों बकाया

बिजली बिल सबसे ज्यादा सरकारी विभागों का बकाया रहता है। ग्राम पंचायत, नगर निगम में पेयजल के लिए लिए बिजली कनेक्शन, स्कूल सहित अन्य सरकारी दफ्तरों में बिजली का बिल अभी भी लाखों रूपए का पेंडिंग हैं। प्रीपेड बिजली की सुविधा शुरू होने से इन विभागों को हर हाल में बिल पटाना होगा। जितने रूपए का रिचार्ज रहेगा, उतनी ही बिजली मिलेगी।

### धमतरी डिवीजन में लगे 94 हजार स्मार्ट मीटर

घरेलू कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। जानकारी के अनुसार धमतरी डिवीजन में कुल 108000 कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। इसमें से 94 हजार कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लग गया है। बाकी बचे कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। पूरे प्रदेश में सभी कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगने के बाद सभी कनेक्शन में प्रीपेड की सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

# युवक-युवती का शव आम पेड़ पर लटका मिला

- शव के पास से कीटनाशक डिब्बा बरामद, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा



सिहावा थाना के महुआबाहरा, पोड़ीडीही क्षेत्र में एक ही पेड़ पर युवक-युवती का शव लटका हुआ मिला है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

पूरा मामला सिहावा थाना क्षेत्र के महुआबाहरा, पोड़ीडीही क्षेत्र का बताया जा रहा है। नहर किनारे खेत की तरफ आम पेड़ पर गैंदाभरी के युवक और महुआबाहरा की युवती का शव लटकते हुआ मिला है। शव के पास ही कीटनाशक डिब्बा भी है जिससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि पहले इन लोगों ने कीटनाशक का सेवन किया होगा फिर फंदे पर लटककर सुसाइड किया होगा। दोनों ने सुसाइड जैसे आत्मघाती कदम क्यों उठाया या मामला कुछ और है। इस बारे में अभी तक स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। शुरूआती दौर में मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

# सियादेही के ग्रामीणों ने अवैध ईंट भट्टे का संचालन रोकने की मांग की



- कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जनदर्शन में जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं तथा आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में ग्राम पंचायत सियादेही के ग्रामीणों ने अवैध ईंट भट्टे का संचालन रोकने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। बोरसी के ग्रामीणों ने पेयजल व्यवस्था के लिए तीन स्थानों पर बोर खनन करने, सांस्कृतिक रंगमंच में डोम निर्माण की स्वीकृति देने, गांव की घास भूमि व पावड़ भूमि को आबादी भूमि घोषित करने की गुजारिश कलेक्टर से की।

धमतरी निवासी 86 वर्षीय वृद्ध किशन यादव ने अपनी तीन नातिनों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना का लाभ देने संबंधी आवेदन दिया। नगरी ब्लॉक के चंदनलाल साहू ने अनियमित जमा पाबंदी योजना 2019 लागू करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम दरगहन के पीताम्बर ने ग्राम सलोनी एवं दरगहन में वादग्रस्त भूमि विक्रय रोकने के लिए कलेक्टर के समक्ष निवेदन किया। ग्राम रूद्री निवासी रामरतन सिन्हा ने शासकीय नाले से अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने की मांग की।

### प्रायोगिक संपर्क कक्षाएं आज से लगेंगी

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय के बीएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के अमहाविद्यायीन व भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के वनस्पतिशास्त्र, जन्तुविज्ञान, रसायनशास्त्र, भौतिकी, गणित विषय की 15 दिवसीय प्रायोगिक संपर्क कक्षाएं 2 से 16 अप्रैल तक लगेंगी, जिसमें लैब वर्क कार्य कराया जायेगा। विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थिति कम होने पर छात्र-छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्राईवेट छात्र-छात्राओं को क्लास अटेंड करना अनिवार्य है ताकि प्रायोगिक रिकार्ड तैयार किया जा सके।

### सिर्री में हनुमान जन्मोत्सव आज

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को धूमधाम से मनाने की तैयारी जोरों से चल रही है। हनुमंत समिति के प्रधान जसबीर सिंह गुरुदत्ता के मुताबिक जन्मोत्सव कार्यक्रम की परम्परा करीब 33 वर्ष पहले स्वयं जसबीर सिंह, स्व. कृष्ण मोहन अग्रवाल, स्व. धनीराम विश्वकर्मा ने शुरू की थी। गुरुवार की सुबह 11 बजे विशेष पूजा-अर्चना पंडित आशुतोष शर्मा द्वारा सम्पन्न की जायेगी। मुख्य यजमान पूजा अग्रवाल एवं वैभव अग्रवाल होंगे।

# भालूझुलन में औद्योगिक पार्क पर फिर टकराव




- ग्रामीण बोले : निरस्त पहले, फिर विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

क्षेत्रीय विधायक के ड्रीम प्रोजेक्ट औद्योगिक पार्क को लेकर ग्राम भालूझुलन में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर ग्रामीण और प्रशासन आमने-सामने आ गए, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया।

बुधवार को उद्योग विभाग और राजस्व अमले की टीम जैसे ही चिन्हांकित शासकीय जमीन पर कब्जा लेने और सीमांकन के लिए पहुंची, वैसे ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीण कड़ी धूप में पेड़ों के नीचे घंटों डटे रहे और विरोध जताते हुए काम रुकवा दिया। मौके पर पुलिस बल तो मौजूद रहा, लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में आक्रोश और बढ़ गया।

### 11 हेक्टेयर जमीन को लेकर विवाद गहराया

गौरतलब है कि कुरुद विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के आश्रित ग्राम भालूझुलन की करीब 11 हेक्टेयर शासकीय जमीन को औद्योगिक क्षेत्र के लिए चिन्हांकित कर उद्योग विभाग को सौंपा गया है। ग्रामीणों के अनुसार चिन्हांकित भूमि में चारागाह, मुक्तिधाम, गौठान और भविष्य के आबादी विस्तार की जमीन शामिल है। गांव में सैकड़ों मवेशी और बड़ी संख्या में बकरियां इसी चारागाह पर निर्भर हैं। ग्रामीण शुरू से ही इस अधिग्रहण का विरोध कर रहे हैं और इसे गांव के अस्तित्व से जुड़ा मुद्दा बता रहे हैं।

### बिना सहमति अधिग्रहण का आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रस्ताव के बिना और उनकी आपत्तियों को नजरअंदाज कर प्रशासन ने जमीन अधिग्रहित कर ली। उदय साहू, शीतल साहू, रामधार कंवर सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह जमीन उद्योग के लिए आरक्षित कर दी गई, तो पशुपालन और ग्रामीणों की आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने थाना, तहसील, एसडीएम और कलेक्टर तक गुहार लगाई, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि यह कार्रवाई दबाव में की गई है।

### विकास चाहिए, लेकिन शर्तों के साथ

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं। उनका कहना है कि निस्तारी, तालाब, श्मशान और अन्य बुनियादी जरूरतों के लिए पर्याप्त जमीन सुरक्षित रखने के बाद ही औद्योगिक परियोजना लागू की जाए। अन्यथा आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। फिलहाल ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। समाधान नहीं होने तक आंदोलन जारी रहने की चेतावनी दी गई है।

### उद्योग विभाग का मामला

इधर, कुरुद तहसीलदार का कहना है कि यह उद्योग विभाग का मामला है और कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों को अपनी बात नियमानुसार रखने की सलाह दी है।

### जिले को मिली 7 नई एम्बुलेंस, तीन और पहुंचेगी

# महापौर ने नई एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने जिले को 10 नई 108 एम्बुलेंस मिल रही है, जिसमें 7 एम्बुलेंस पहुंच चुकी है। महापौर ने नई एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाते हुए जनता को समर्पित किया।

प्रदेश में इससे पहले संजीवनी 108 आपातकालीन सेवा का संचालन जय अम्बे इमरजेन्सी पार्किंग द्वारा की जा रही थी। टेण्डर बदलने के बाद प्रदेश में एम्बुलेंस सेवा का संचालन करने का ठेका पुरानी कंपनी जीवीके को फिर मिली है। इसी के साथ कंपनी सभी जिलों में अपनी एम्बुलेंस भेज रही है, जिसका शुभारंभ बीते दिनों राजधानी में मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इसी के साथ धमतरी जिले को 10 नई 108 एम्बुलेंस दी जा रही है, जिसमें तीन एडवांस लाइफ सपोर्ट से लैस अत्याधुनिक एम्बुलेंस है। वहीं 7 बीएलएस एम्बुलेंस हैं। अब तक जिले में 7 एम्बुलेंस पहुंच चुकी है। वहीं तीन एम्बुलेंस जल्द ही पहुंच जायेगी। बुधवार को जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा ने नई एम्बुलेंस का पूजा पाठ कर हरी झण्डी दिखाकर जनता को समर्पित किया। इसी के साथ लगभग डेढ़ माह से जिला अस्पताल में खड़ी रेडक्रास सोसायटी व जीवनदीप समिति द्वारा खरीदी गई एएलएस व बीएलएस एम्बुलेंस का भी लोकार्पण कर दिया गया। एक एम्बुलेंस को नगरी व दूसरी को सिंगपुर भेजा जायेगा। इससे विशेष रूप से दूरस्थ अंचल में रहने वाले लोगों को आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।



इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि धमतरी में त्वरित व बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति में प्रत्येक मिनट महत्वपूर्ण होता है। इन अत्याधुनिक एम्बुलेंस के माध्यम से हम मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में सक्षम होंगे, जिससे कई गंभीर स्थितियों में जीवन बचाया जा सकेगा। महापौर ने कहा कि शासन व प्रशासन द्वारा जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है।

इस दौरान पार्षदगण अज्जू देशलहरे, संतोष सोनकर, राजेन्द्र कंवर, संजय देवांगन, चन्द्रभागा साहू, मुकेश शर्मा, महेन्द्र खण्डेलवाल, गोपाल साहू व स्वास्थ्य विभाग से सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक, सिविल सर्जन डॉ. अरूण टोण्डर, डॉ. आदित्य सिन्हा, डॉ. जेपी दीवान, डीपीएम प्रिया कंवर, जिला अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप, एके साहू सहित संजीवनी 108 के खिलेश्वर साहू, कुलदीप राजपूत, हेमंत साहू, दुर्गेश नंदनी, लोकेन्द्र पटेल, नरसिंग पटेल, कामता साहू, कार्तिकराम नेताम, योगेन्द्र निषाद, बीरेन्द्र मानिकपुरी, तोंगपाल कंवर, कमल कुंभकार, गोपलकृष्ण साहू सहित अन्य पायलट व ईएमटी उपस्थित थे।

# सात हजार की महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- रूद्री पुलिस ने की कार्रवाई

गंगरेल क्षेत्र में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रहे आरोपी को रूद्री पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सात हजार रूपये कीमत की अवैध महुआ शराब बरामद की गई है।

मादक पदार्थों, अवैध शराब एवं अन्य अवैधानिक गतिविधियों के विरूद्ध पुलिस द्वारा लगातार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रूद्री पुलिस को मुखबिर से गंगरेल क्षेत्र के रामाटिकरा में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री किये जाने की सूचना मिली। रूद्री पुलिस टीम तत्काल रवाना हुई। पुलिस ने बताये गये स्थान पर रेड की कार्रवाई की। इस दौरान विष्णुराम निषाद को अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करते रंगेहाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 35 लीटर अवैध महुआ शराब अनुमानित कीमत 7 हजार रूपये जब्त की गई। इस मामले में रूद्री थाना में धारा 34-2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी विष्णुराम निषाद पिता कन्हैया उम्र 62 वर्ष शिव चौक गंगरेल थाना रूद्री निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप



### हनुमान जन्मोत्सव पर होगा सुंदरकांड का पाठ

**नगरी।** इस वर्ष भी नवयुवा एकता संगठन लाइनपारा नगरी द्वारा हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राजहंस मानस परिवार अम्बागढ़ चौकी द्वारा मानस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 2 अप्रैल गुरुवार को पूजा-अर्चना, महाआरती एवं प्रसादी का वितरण किया जाएगा। शाम 6 बजे श्रीराम युवक रामायण मंडली लाइनपारा द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। 3 अप्रैल शुक्रवार को रात्रि 8 बजे से रामायण कार्यक्रम राजहंस मानस परिवार अम्बागढ़ चौकी का होगा।

### असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अविनाश बने जिलाध्यक्ष


अविनाश मारोठे


कन्हैया सोनी

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियों के साथ संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। अविनाश मारोठे को जिला अध्यक्ष एवं कन्हैया सोनी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष तारिणी नीलम चंद्राकर ने दोनों नेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी तथा जनसेवा के कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए नेतृत्व में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्य किए जाएंगे।

### नवकार महिला मंडल ने खोला प्याऊघर

**धमतरी।** महावीर जयंती के उपलक्ष्य में इस साल भी नवकार महिला मंडल ने 23वीं बार प्याऊघर का उद्घाटन किया। प्याऊघर का संचालन मकई चौक पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने किया गया। इस अवसर पर भंवरलाल छाजेड़, बसंत ओस्तवाल, वर्धमान स्थानकवासी अध्यक्ष विजय गोलछा, सकल जैन समाज के अध्यक्ष आकाश गोलछा, उपाध्यक्ष निकेश कोटडिया समेत मंडल की सभी सदस्य उपस्थित थी।

### बकली में भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई, लोकगायिका आरू, आराध्या हुईं सम्मानित

# जो समाज अपनी परंपरा, संस्कृति, इतिहास पर गर्व नहीं करता, वह मृत समान है : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

परिक्षेत्र साहू समाज चिंवरी एवं ग्रामीण साहू समाज बकली के तत्वावधान में ग्राम बकली के बाजार चौक में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। सुबह माज की महिलाओं और पुरुषों, बच्चों ने पीले वस्त्र और ध्वज धारण कर बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। दोपहर 2 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम हुआ। ग्राम बकली निवासी प्रसिद्ध बाल पंडवानी गायिका आराध्या साहू ने अपनी पंडवानी कथा का गायन किया। इसके बाद छग की सुप्रसिद्ध लोकगायिका आरू साहू ने मोर कर्मा





मईया वो.. तेली कुल के राखे तय ह मान ल जैसे अन्य लोकगीतों की झड़ी लगा दी। उनके लोकगीत गायन ने मौजूदा दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आरु साहू, आराध्या साहू को मोर अंगना के तुलसी सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर कुरूद विधायक थे। अध्यक्षता गणेशराम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी ने की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो समाज अपनी परंपरा, संस्कृति, इतिहास पर गर्व नहीं करता, स्वाभिमान नहीं पालता, वह मृत समान है। किसी भी परिस्थिति में अपनी आस्था, अपना विश्वास डिगने नहीं देना चाहिए। लोगों को स्थिर प्रज्ञता बनाए रखना चाहिए अर्थात किसी भी दुख, परीक्षा या प्रतिकूल परिस्थितियों से घबराना नहीं चाहिए।

विशेष अतिथि कृष्णकांत साहू अध्यक्ष तहसीन साहू संघ कुरूद, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं, गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, मालक राम साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पुरानिकराम साहू, दीपक साहू, मनीषा साहू सदस्य जनपद पंचायत कुरूद, टेकराम साहू सदस्य जनपद, लेखराम साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरूद, कुलदीप साहू, गायत्री साहू उपाध्यक्ष महिला तहसील साहू संघ कुरूद, नंदनी साहू थे।

कार्यक्रम में डा. लोकेश साहू, थानेश्वर तारक, जयमित्र साहू, पूजा साहू, नरेंद्र ध्रुवंशी, योगेश साहू, त्रिलोचन साहू, भुनेश्वर साहू, मूलचंद साहू, थानूराम साहू, युवराज साहू, जगदीश, पुराणिक, विष्णुराम, कामताराम साहू सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में रेलहा राम साहू, राजेन्द्र साहू, पूर्णिमा साहू, रोशन साहू, दीपा साहू, त्रिलोचन साहू, राजकुमार, संतराम साहू, जागेश्वर साहू, थानूराम साहू,दीपक साहू, चमेली साहू, गौतम साहू, भीषम साहू सहित ग्रामीण अध्यक्षों की भूमिका रही। मंच संचालन रामेश्वर साहू शिक्षक, रेलहाराम साहू ने किया।

## वनांचल में विकास कार्यों को मिलेगी गति : हुमीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



छग के सिहावा एवं बस्तर विधानसभा क्षेत्र को नक्सल मुक्त घोषित किए जाने पर भाजपा मंडल बेलरगांव ने केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। मंडल अध्यक्ष हुमीत कुमार लिमजा ने कहा कि अब इन क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा और विकास का नया दौर शुरू होगा। केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और जीरो टॉलरेंस नीति के चलते आज सिहावा और बस्तर जैसे संवेदनशील क्षेत्र नक्सलवाद के प्रभाव से बाहर आ सके हैं। यह केवल एक प्रशासनिक घोषणा नहीं, बल्कि उन हजारों परिवारों के लिए राहत और न्याय है, जिन्होंने वर्षों तक नक्सलवाद का दंश झेला है। इस निर्णय से वनांचल क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी। अब सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं बिना किसी बाधा के आम लोगों तक पहुंच सकेंगी।

## उमरगांव में मानस सम्मेलन का हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम उमरगांव में भगवान राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्र की राम रक्षा स्तोत्र पाठ , हनुमान चालीसा, सुन्दर कांड पाठ, मानसगान तथा सोहर गीत में हिस्सा लिया। मानससम्मेलन में राज्यस्तरीय ख्यातिप्राप्त 18 मानस मण्डलियों ने हिस्सा लिया। मंडलियों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचन्द्र की जीवन शैली पर प्रकाश डाला। मंडलियों को मानस सम्मेलन समिति द्वारा रामचरित मानस की पोथी, सहयोग राशि, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। समापन लीलांबर सूर्यवंशी, मोहन पुजारी, बलराम साहू, सुरेश मरकाम, कृष्ण झांकर, फलेंद्र साहू, हेमंत ठाकुर, डॉ महेन्द्र साहू, रोमेश साहू, ओमेश्वर राव, क्षमा साहू, पार्वती शेष, अंबिका सेन के आतिथ्य में हुआ।

इस आयोजन में चैत्र नवरात्रि एवं रामचरित मानस सम्मेलन के अध्यक्ष मोहन पुजारी, उपाध्यक्ष धनेश मरकाम, पूनम कश्यप, कोषाध्यक्ष अजय सिन्हा, सचिव संतोष कमड़े, सहसचिव कोमल शेष समेत कृष्णकुमार मारकोले, लखन पुजारी, विष्णु शेष, दुर्गेश पुजारी, डीकेश्वर साहू, टोपेंद्र साहू, भगवान कुंजाम, कार्तिक मारकोले का सहयोग रहा।

## डॉ चुम्मन अध्यक्ष, सुभद्रा व पारसमणि उपाध्यक्ष बने

- नवागांव खिसोरा में ग्रामीण साहू समाज इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



जिला साहू संघ की समन्वय समिति द्वारा परिक्षेत्र खिसोरा के ग्राम नवागांव खिसोरा में ग्रामीण साहू समाज इकाई का गठन किया गया। ज्ञात हो कि ग्राम नवागांव की ग्रामीण इकाई का निर्वाचन काफी विवादों में रहा है। परिक्षेत्र से लेकर प्रदेश तक शिकवा शिकायतों का दौर पिछले 1 वर्ष से चला आ रहा था। अंततः प्रदेश साहू संघ के निर्देश पर जिला साहू संघ की समन्वय समिति ने पांच विभिन्न पदों का गठन किया। डॉ चुम्मन साहू अध्यक्ष, सुभद्रा साहू महिला उपाध्यक्ष, पारसमणि साहू उपाध्यक्ष, संगठन सचिव योगेंद्र साहू, ममता साहू बनाए गए। समन्वित पदाधिकारियों को समाजजनों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्ष चुम्मन साहू ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कोषाध्यक्ष के रूप में सूरज साहू, अंकेक्षक दीपक साहू, सचिव हरिराम साहू, संरक्षक नाथूराम साहू एवं एवन लाल साहू, सलाहकार वैशाखु राम साहू, मंगलू साहू, बुलेश्वर साहू का मनोनयन किया है। मौके पर अंकेक्षक डीहूराम साहू, राजेंद्र साहू उपाध्यक्ष, लोकेश्वर साहू उपाध्यक्ष, लीलाराम साहू उपाध्यक्ष, विजय साहू महासचिव, संतराम साहू कोषाध्यक्ष, रेखा साहू महिला सचिव, गवेन्द्र साहू संयुक्त सचिव, लोकेश साहू, गुलाब साहू, नेहरू साहू, तुलाराम साहू, खिसोरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष रामचरण साहू, उपाध्यक्ष टेकराम साहू, सचिन इशू साहू, नाथूराम साहू, चुम्मन साहू, नारद साहू, भुलेश्वर साहू, दीपक साहू

## जोड़ा जैतखाम में चढ़ाया गया पालो



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

चैत्र शुक्ल पक्ष की सप्तमी को गुरु घासीदास आश्रम थूहा (बंगोली ) में स्थित सत्य सतनाम के प्रतीक जोड़ा जैतखाम में संत समाज द्वारा पालो चढ़ाया गया। जनपद सदस्य व समाज के वरिष्ठ नागरिक रूमान सिंह कुर्रे, बंगोली सरपंच श्रीमती मीना कुर्रे, थूहा सरपंच लोमेश ध्रुव, उपसरपंच तुकेश साहू व पंचगणों ने गुरु घासीदास ज्ञान मंदिर के चारों तरफ छज्जा निर्माण हेतु भूमिपूजन किया।

इस कार्य में सतनामी समाज के धमतरी जिलाध्यक्ष भाव सिंह डहरे, सचिव खिलावन वाले इतवारी सोनवानी, जितेंद्र रात्रे, गजेंद्र टंडन, चोमन जोशी, डॉक्टर रोहित कुर्रे भखारा, अध्यक्ष तेजेश्वर कुरे, सचिव रूपेंद्र बघेल, खम्मन सोनवानी, बेनीराम कुर्रे, मनमोहन लहरे, खेलूंराम, हेमराज डहरे का सहयोग सराहनीय रहा।

## भाजपा किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं : नंदकिशोर

- गुरूर, पुरूर, सनौद मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)





पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश के मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। गुरूर विकासखंड के गुरूर, पुरूर, सनौद मंडल में 30 एवं 31 मार्च को कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, प्रधानमंत्री आवास मुद्रा योजना सहित कई योजनाएं हैं जो प्रत्यक्ष रूप से लाभार्थियों तक पहुंचती हैं।

श्री पवार ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जो आर्थिक सहायता, शिक्षा सुरक्षा प्रदान करती है जिसमें सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृत्व वंदना, ग्रामीण रोजगार के लिए लखपति दीदी योजना प्रमुख रूप से शामिल हैं। द्वितीय सत्र में नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। द्वितीय दिवस के वक्ता सौरभ लुनिया ने कार्य पद्धति, जितेन्द्र साहू ने इतिहास एवं विकास, अश्वनी यादव ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि पर विचार रखे। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत है। पार्टी एक परिवार है जो बूथ स्तर से प्रारंभ होती है। समापन सत्र में जिला महामंत्री राकेश यादव ने सोशल मीडिया, नमो एप, सरल एप की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रीतम साहू, जिपं सदस्य तेजराम साहू, जनार्दन सिन्हा, त्रिलोकी साहू, यादराम साहू, सविता साहू, मीना साहू, आदित्य सिंह पीपरे, मेहत्तर नेताम ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू व आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय एवं डामेश्वरी साहू ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बिजली कार्यालय बेलरगांव पहुंचकर अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# बिजली कटौती व कम वोल्टेज से परेशान किसानों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

बेलर क्षेत्र में बढ़ती बिजली कटौती और कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे किसानों ने एकजुट होकर बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्राम पंचायत बिरगुड़ी, सेमरा, भड़सिवना, टांगापानी, कोगेरा एवं बांसपानी के किसान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप तथा किसान समिति अध्यक्ष पुनीतराम साहू के नेतृत्व में बिजली कार्यालय बेलरगांव पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।




किसानों ने बताया कि पूर्व में क्षेत्र में लगभग 6 घंटे तक ही बिजली कटौती होती थी, लेकिन पिछले चार-पांच दिनों से यह बढ़कर 8 घंटे तक पहुंच गई है। इस अनियमित और लंबी कटौती के कारण खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके साथ ही कम वोल्टेज की समस्या के चलते मोटरपंप सही ढंग से नहीं चल पा रहे हैं, जिससे सिंचाई कार्य बाधित हो रहा है।

किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि बिजली कटौती की समय सीमा अधिकतम 3 घंटे तक सीमित की जाए तथा वोल्टेज में सुधार किया जाए, ताकि मोटर पंप सुचारू रूप से संचालित हो सकें और फसलों को बचाया जा सके।

वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताया कि लाइन में तकनीकी समस्या एवं सप्लाई कम मिलने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। अधिकारियों ने जल्द ही व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान श्रवण ध्रुव, रघुनंदन पटेल, आनंद राम, लखन साहू, कमलेश कुंजाम, राजू मरकाम, प्रदीप साहू, ललेश साहू, परमानंद साहू, शिवा ध्रुव, ईश्वर साहू, लेखराम देवांगन, अमर साहू, फूलचंद मरकाम, अकतू कश्यप, यशवंत मंडावी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

## दिव्यांग नवविवाहित जोड़ों को प्रोत्साहन योजना के फॉर्म वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

संकल्प संस्थान दिव्यांग सेवा केंद्र नवाडीह राजिम में रामनवमी के अवसर पर पांच दिव्यांग जोड़ों एवं दो निर्धन युवक-युवतियों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर धमतरी जिले के घनश्याम सिंह साहू और शंकर साहू ने नवविवाहित दिव्यांग दंपतियों को विवाह प्रोत्साहन योजना के फॉर्म वितरित किए और समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता की जानकारी दी।

इस विवाह समारोह में महासमुंद, बलौदाबाजार, पिथौरा, सरायपाली, गाजर और राजिम क्षेत्र के परिवारों ने भाग लिया। आशीर्वाद समारोह में



निःशक्तजन आयोग के लोकेश कवाड़िया, कबीर पंथ के संत सीएम दीक्षित, महेश साहू और डॉ. रवि पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में संस्था संचालक सुनीता साहू को योजना की जानकारी दी गई, ताकि नवदंपति विवाह के बाद मिलने वाली राशि से स्वरोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकें।

## स्वास्थ्य शिविर में 100 लोगों की सेहत जांची गई

**धमतरी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला क्षय अधिकारी डॉ. आदित्य सिन्हा और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अख्तर जहां खान के निर्देशन में सोरम में एकलव्य मॉडर्न पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन झरिया यादव समाज सामुदायिक भवन परिसर में हुआ। शिविर में कुल 100 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें से 22 संभावित



टीबी मरीजों का एकलव्य पोर्टेबल एक्स-रे मशीन द्वारा एक्स-रे किया गया। संभावित टीबी मरीजों का बलगम संकलन कर सीबीनाट जांच के लिए जिला क्षय केंद्र धमतरी भेजा गया। डॉ. ने बताया कि सीबीनाट जांच की रिपोर्ट के आधार पर टीबी मरीजों का इलाज शुरू किया जाएगा। शिविर में सरपंच श्यामसुंदर सिन्हा, उपसरपंच नरेंद्र साहू एसटीएस बसंत कुमार साहू, एक्स-रे टेक्निशियन लोमन सिंह कंवर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता जयंत्री साहू, मितानिन कार्यकर्ता गायत्री सेन, गणेशी साहू, मधु साहू, कांति साहू, मुकेश्वरी साहू, शिव कुमारी, ऑपरेटर चंद्रहास साहू की सहभागिता रही।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




श्रीराम के अनन्य भक्त, केशरीनंदन, संकट मोचक

# श्री हनुमान जन्मोत्सव

## की हार्दिक बधाई एवं शुभकामना



ह७नुमान जयंती हर साल भगवान हनुमान के जन्म के उपलक्ष्य में मनाई जाती है, जिन्हें संकटमोचन, बजरंगबली और पवनपुत्र के नाम से भी जाना जाता है। देश भर में भक्त इस दिन को भक्ति और उत्साह के साथ मनाते हैं। लोग कई तरह की रस्में निभाते हैं, जिसमें भगवान हनुमान को दूध, शहद, घी और पानी से स्नान कराना शामिल है। लोग हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं, रामायण की चौपाइयां पढ़ते हैं और भगवान हनुमान को सिंदूर और तेल भी लगाते हैं। इस दिन मंदिरों को दीयों और फूलों से सजाया जाता है। प्रसाद के रूप में बूंदी चढ़ाई जाती है। तिथि और समय हर साल, हनुमान जयंती हिंदू माह चैत्र की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। इस वर्ष यह 2 अप्रैल, 2026 को मनाई जाएगी। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, चैत्र पूर्णिमा तिथि 2 अप्रैल को सुबह 4:38 बजे शुरू होगी। इतिहास हनुमान जयंती भगवान हनुमान की जयंती का प्रतीक है। उन्होंने महाकाव्य रामायण में राक्षस राजा रावण से सीता को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और भगवान राम के प्रति उनकी असाधारण भक्ति के लिए प्रसिद्ध हैं। वह भगवान राम के प्रति मजबूत, साहसी और वफादार थे। भगवान हनुमान को अक्सर लोगों का रक्षक कहा जाता है और माना जाता है कि वे एक संरक्षक हैं जो अपने भक्तों की देखभाल करते हैं। इस दिन लोग उनसे शक्ति, साहस और बुराई से सुरक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं। महत्व इस दिन, भक्त भगवान हनुमान से सुरक्षा, साहस और जीवन की बाधाओं को दूर करने के लिए प्रार्थना करते हैं। बहुत से लोग हनुमान मंदिर जाते हैं, हनुमान चालीसा पढ़ते हैं और व्रत रखते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनके आशीर्वाद से उन्हें समृद्धि, शांति और अच्छा स्वास्थ्य मिलेगा। भगवान हनुमान आध्यात्मिक सुरक्षा और पाप निवारण से भी जुड़े हैं। ऐसा कहा जाता है कि वे अपने भक्तों को नकारात्मक ऊर्जा, बीमारी और बुरी आत्माओं से बचाते हैं। हनुमान जन्मोत्सव का महत्व भगवान हनुमान शक्ति, भक्ति और अटूट विश्वास के प्रतीक हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उनकी पूजा करने से भय, नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियों का नाश होता है। इस दिन हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ करना विशेष लाभकारी माना जाता है। पूजा विधि - 1. प्रातः स्नान कर लाल वस्त्र धारण करें। हनुमान जी को सिंदूर, लाल फूल, तुलसी दल, चोला और बूंदी के लड्डू अर्पित करें। 2. इस मंत्र का जाप करें: "ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः ।। हं हनुमते रुद्रात्मकाय हूं फट् ॥" 3. हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करें। 4. आरती कर प्रसाद वितरित करें। 5. हनुमान जन्मोत्सव के इस शुभ अवसर पर विधिपूर्वक पूजा करने से सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। हनुमान जयंती के दिन क्या करें? हनुमान जयंती के पावन अवसर पर यदि आप बजरंगबली को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो कुछ विशेष पूजन विधियों और भोगों का पालन अवश्य करें। सबसे पहले, हनुमान जी की आरती करते समय घी का दीपक या चमेली के तेल का दीपक जलाना अत्यंत शुभ माना जाता है। बजरंगबली की कृपा प्राप्त करने के लिए उन्हें चोला चढ़ाना, सिंदूर और चगेली का तेल अर्पित करना विशेष फलदायी होता है। चोला चढ़ाने की परंपरा यह दशार्ती है कि भक्त पूर्ण श्रद्धा और समर्पण के साथ भगवान को पूज रहा है। यह उपाय हनुमान जी की विशेष कृपा पाने का एक अचूक माध्यम है। भोग के रूप में हनुमान जी को बूंदी, बेसन के लड्डू, इमरती आदि अति प्रिय हैं। इन मिठाइयों को श्रद्धा से अर्पित करने पर भक्त की मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में शुभता बढ़ती है। हनुमान जयंती के दिन बजरंगबली को लौंग और इलायची अर्पित करने से शनि दोष में राहत मिलती है। शनि की पीड़ा से पीड़ित व्यक्ति अगर श्रद्धा से यह उपाय करे, तो उसके जीवन में शांति और स्थिरता का आगमन होता है।
















## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत सचिव भर्ती के लिए कौशल परीक्षा 5 को

**कांकेरन।** जिले में ग्राम पंचायत सचिव के 18 पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात 2118 आवेदक पात्र एवं 479 अपात्र पाए गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार विज्ञापन की शर्तों के अधीन पात्र अभ्यर्थियों में से 01 पद के विरूद्ध 05 अभ्यर्थियों का चयन कर मेरिट के आधार पर कम्प्यूटर कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन 05 अप्रैल 2026 को प्रातः साढ़े 9 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, माकड़ी सिंगराय में किया जाएगा।

### शराब बिक्री और पीने की सुविधा देने पर की कार्रवाई

**कांकेर।** दुधावा चौकी पुलिस और पखांजुर थाना पुलिस ने 31 मार्च को छापामार कार्यवाही करते हुए शराब कोचिया और शराब पीने कि सुविधा देने वाले को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। दुधावा चौकी पुलिस ने आरोपी आरछीडोंगरी निवासी 30 वर्षीय विनीता बेसरा पति विमल के कब्जे से साढ़े 4 लीटर महुआ शराब कीमत 450 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वही पखांजुर थाना पुलिस ने अड़ाफरसी निवासी रामूराम सलाम पिता जग्गू अवैध रूप से धन अर्जीत करने के लिए महुआ शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### करंट लगने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत तरहुल निवासी 38 वर्षीय नारद राम टांडिया पिता स्व. कलीराम का करंट लगने से 31 मार्च को मौत हो गया। मिली जानकारी अनुसार मृतक छत की ढलाई कर रहा था। उसी दौरान करंट लगने से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नाबालिग लड़की का अपहरण, मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत निवासी पीड़िता ने पुलिस कि बताया कि 31 मार्च को दोपहर को 2 बजे के आसपास नाबालिक बेटी का अज्ञात आरोपी अपहरण कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मुझे शंका है कि मेरी नाबालिक बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है । कांकेर थाना की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लेते हुए नाबालिक की तलाश में जुट गई है।

### नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को अंतागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेला भेजा। इस कार्यवाही के बाद पीड़ितो के परिजनों ने राहत की सांस ली। थाना अंतागढ़ में पीड़िता के परिजन ने 26 मार्च को शिकायत दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक पुत्री को 21 वर्षीय अशोक बघेल कृष्णा बघेल ने तुम्हें पसंद करता हूं, कहकर बहला फुसलाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

ग्रेडिंग के नाम पर वसूली करने का आरोप

# कुरुद सोसाइटी में चना खरीदी पर बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद सोसाइटी में चना खरीदी एक बार फिर विवादों में घिर गई है। बुधवार को किसानों ने ग्रेडिंग के नाम पर पैसे और शराब की मांग करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया। हालात बिगड़ते देख मौके पर मौजूद नेफेड के कर्मचारी वहां से खिसक गए। इसके बाद सहकारी समिति ने अपनी जिम्मेदारी पर एक ही दिन में करीब दो हजार कट्टा चना खरीदकर स्थिति को संभाला, तब जाकर किसानों का गुस्सा शांत हुआ।

गौरतलब है कि धमतरी जिला प्रशासन ने इस वर्ष कुरुद क्षेत्र की कातलबोड़ और कुरुद सहकारी समितियों को चना खरीदी के लिए अधिकृत किया है, जबकि क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में नेफेड को जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन शुरुआत से ही ग्रेडिंग के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें सामने आती रही हैं। बुधवार को भी नेफेड के दो कर्मचारी चना पास करने में टालमटोल करने लगे, जिससे किसानों का आक्रोश भड़क उठा।

#### समिति ने संभाली स्थिति

स्थिति बिगड़ने पर सोसाइटी अध्यक्ष प्रभात बैस, प्रबंधक त्रिलोचन बांसकार और ग्राम सेवक की मौजूदगी में सभी ढेर की खरीदी की गई। प्रबंधक त्रिलोचन बांसकार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बुधवार को करीब 2 हजार कट्टा चना खरीदा गया, जबकि 31 मार्च तक कुल 3990 कट्टा चना खरीदा जा चुका है। किसानों ने मौके से ही कलेक्टर और एसडीएम को मामले की जानकारी दी, जिस पर जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।



#### किसानों का फूटा गुस्सा

गुस्साए किसानों ने खरीदी केंद्र में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि कुछ कर्मचारी चना पास करने के एवज में पैसे और शराब की मांग करते हैं। मांग पूरी नहीं होने पर ढेर को फेल कर दिया जाता है। किसान विनय चन्द्राकर, राधे चन्द्राकर, रमेश्वर साहू, अजय चन्द्राकर, कामदेव साहू, भरत साहू, अभिलाषा चन्द्राकर, किशन निषाद आदि का कहना है कि इस तरह की शिकायत पहले भी सामने आ चुकी है, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण फिर वही स्थिति बन गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ग्रेडिंग करने वाले कर्मचारियों के पास कोई पहचान पत्र नहीं था और वे स्थानीय भी नहीं थे, जिससे संदेह और बढ़ गया।

## हनुमान जयंती पर आज दिखेगा भक्ति का महासंगम

- शहर के मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक होंगे धार्मिक कार्यक्रम


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को धमतरी शहर सहित ग्रामीण अंचल में भक्ति और आस्था का वातावरण छा जाएगा। इस अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

पुराना बस स्टैंड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में प्रातः गणपति पूजन, रूद्राभिषेक, श्रृंगार, महाआरती, 56 भोग एवं भंडारे का आयोजन होगा। रिसाईपारा, दीवान तालाब, रामदेव बाबा मंदिर, राम-जानकी मठ मंदिर और रूद्री स्थित दक्षिणमुखी हनुमान धाम में भी अभिषेक, हवन-पूजन, सुंदरकांड पाठ एवं महाप्रसादी के आयोजन किए जाएंगे।

रूद्री क्षेत्र में शाम को भव्य पालकी यात्रा और भजन संध्या का विशेष आकर्षण रहेगा, जिसमें प्रसिद्ध जसगीत गायक दुकालू यादव प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री खुशवंत साहेब एवं विधायक नीलकंठ टेकाम के शामिल होने की संभावना है। वहीं पुरानी पुलिस लाइन स्थित हनुमान गुड़ी मंदिर में दो दिवसीय आयोजन के तहत रामचरितमानस पाठ, भजन संध्या और महाआरती का आयोजन रखा गया है। शहर के विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारे भी आयोजित किए जाएंगे। हनुमान जयंती को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। पूरा शहर जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठेगा।

## हनुमंत धाम रूद्री में हनुमान जन्मोत्सव की भव्य तैयारी



- संदीप सिंह के नेतृत्व में राम मंदिर निर्माण की होगी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मां कुष्माण्डा देवी दक्षिणमुखी हनुमंत धाम रूद्री स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक परिसर में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी संदीप सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संदीप सिंह ने बताया कि प्रातः 5 बजे भगवान हनुमान जी का अभिषेक किया जाएगा, जिसके पश्चात सुबह 7 से 8 बजे के बीच हवन-पूजन एवं आरती का आयोजन होगा। सुबह 8 बजे से प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया जाएगा। दोपहर बाद श्रद्धालुओं के आगमन के साथ मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण रहेगा। शाम 4 बजे रूद्री तालाब किनारे स्थित हनुमान मंदिर से भव्य पालकी एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो शाम 6:30 बजे दक्षिणमुखी हनुमान धाम पहुंचेगी। इसके पश्चात शाम 7 बजे महाआरती में हनुमान जी के साथ शनिदेव, मां कुष्माण्डा देवी एवं भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाएगी। संदीप सिंह ने बताया कि महाआरती के बाद छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध जसगीत गायक दुकालू यादव की प्रस्तुति होगी, जो रात्रि 11 बजे तक चलेगी। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री खुशवंत साहेब, विधायक नीलकंठ टेकाम सहित कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति प्रस्तावित है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## रामजानकी मठ मंदिर में मनेगा हनुमान प्राकट्य महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आज श्रीराम जानकी मठ मंदिर में हनुमान जी का प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। मठ मंदिर चौक स्थित मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ होगी। मंदिर के पुजारी हनुवंश वैष्णव ने बताया कि प्रातः 8 बजे से रुद्राभिषेक एवं हनुमत हवन का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात में प्राकट्य महाआरती एवं राजभोग दर्शन होंगे, जहां श्रद्धालु भगवान के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। 108 हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं सुंदरकांड का भव्य आयोजन रखा गया है। संध्या 6:30 बजे से महाआरती होगी जिसके बाद महाभोज एवं प्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने नगरवासियों से इस कार्यक्रम का सहभागी बनने की अपील की है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर होगी भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पुरानी पुलिस लाइन धमतरी स्थित श्री हनुमान गुड़ी मंदिर में हनुमान गुड़ी सेवा समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। 2 अप्रैल गुरुवार को 6 से 9 बजे तक हनुमान जी का श्रृंगार, पूजा-हवन, आरती व रामायण पाठ होगा। शाम 7 बजे से हनुमान जी का सामूहिक चालीसा पाठ एवं महाआरती होगी। रात्रि 8.30 बजे से श्री कृष्णाय अर्पण भजन मंडली ग्राम खपरी की भजन संध्या होगी।

## चर्रा के हनुमान मंदिर में आज प्राकट्य उत्सव



- हनुमान चालीसा पाठ, महायज्ञ एवं वट वृक्ष चबूतरा निर्माण का होगा भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम चर्रा के बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को श्री हनुमान प्राकट्य दिवस श्रद्धा और उत्साह से मनाया जाएगा। इस अवसर पर ब्वायज क्लब एवं ग्रामवासियों द्वारा इस वर्ष भी विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार की सुबह 10 बजे पूजा-अर्चना और आरती के साथ होगी। इसके बाद सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा पाठ, महायज्ञ एवं वट वृक्ष चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन किया जाएगा। दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। शाम 5 बजे से भव्य झांकी एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

ग्राम चर्रा के पुरानी बस्ती बजरंग चौक डोलहापारा में स्थित यह हनुमान मंदिर विशेष आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि यहां करीब एक हजार वर्ष पूर्व वट वृक्ष के नीचे स्थापित पौराणिक पाषाण मूर्ति को वर्तमान में नवनिर्मित मंदिर में स्थापित किया गया है। मंदिर में मकराना संगमरमर से निर्मित पंचमुखी हनुमान स्वरूप की पूजा की जाती है, जिसे पंचतत्व का प्रतीक मानकर श्रद्धालु आराधना करते हैं। मंदिर में प्रतिदिन सुबह-शाम आरती, श्रीराम स्तुति और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होता है। ग्रामीण किसी भी शुभ कार्य से पहले हनुमान जी को आमंत्रण देकर नारियल अर्पित करते हैं और अपनी मनोकामनाएं व्यक्त करते हैं। हनुमान जयंती पर पूरे गांव में भक्ति और उत्सव का माहौल रहेगा। यह जानकारी कृपाराम यादव ने दी है।

## आदिवासी युवक को पीट-पीटकर अधमरा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय सचिव ने डीजीपी छग शासन को लिखा पत्र

रायपुर पंडरी मोवा स्थित साहस नशा मुक्ति केंद्र में एक आदिवासी युवक अंकुर मांझी ग्राम उमरकोट (ओडिशा) को पाइप से बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। नशे की लत छुड़वाने के लिए अंकुर के परिजनों ने उसे साहस नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। लेकिन केंद्र संचालिका के बेटा अनिकेश शर्मा ने उनके साथ मारपीट की है। पिटाई से उसके पीठ, गर्दन की चमड़ी छिल गई है। गहरे जख्म के निशान दिख रहे हैं। युवक की मानसिक स्थिति भी बिगड़ गई है। उसका इलाज विशाखापट्टनम के अस्पताल में चल रहा है। गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय सचिव आरएन ध्रुव ने डीजीपी छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि आदिवासी समाज के युवक को पाइप से पीट-पीटकर अधमरा करने वाले दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

## मेनोनाईट स्कूल में हर्षोल्लास से मना शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंड्री स्कूल में हर्षोल्लास से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम के पश्चात सभी जगह स्कूल प्रारंभ हो रहे हैं। बुधवार को स्कूल में घंटी बजी और विद्यार्थी स्कूल यूनिफॉर्म में खुशी-खुशी पढ़ने पहुंचे। पहले दिन शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत किया। बच्चों ने गीत-संगीत के माध्यम से शाला प्रवेशोत्सव का आनंद लिया। नवागंतुक छात्र का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के मैनेजर एमके मसीह एवं शाला परिवार ने उत्साह के साथ छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन शिक्षकों एवं छात्रों के उत्साह और आनंद का दिन है। शिक्षा हमारे जीवन का मूल आधार है। शिक्षकों को भी प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन से शिक्षा की राह में आने वाली बाधाओं को मिलकर दूर कर सकें।

## लक्ष्य के करीब पहुंचा नगर निगम

- डोर-टू-डोर अभियान से तेज हुई वसूली, आयुक्त प्रिया गोयल की सख्ती रंग ला रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम का राजस्व वसूली अभियान अंतिम चरण में तेज रफ्तार पकड़ चुका है। आयुक्त प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा के निर्देशन में निगम के राजस्व और सफाई विभाग के अधिकारी-कर्मचारी लगातार डोर-टू-डोर पहुंचकर करदाताओं से संपर्क कर रहे हैं, जिससे मकान टैक्स, जलकर, दुकान किराया और यूजर चार्ज की वसूली में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

राजस्व विभाग के एआरआई, आरएसआई एवं वसूलीकर्ताओं के साथ-साथ सफाई विभाग के महिला-पुरुष सुपरवाइजर भी अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वसूली दल क्रमांक-3 के प्रभारी मोहम्मद शेरखान ने बताया कि निर्धारित समय में टैक्स जमा नहीं करने वालों पर नियमानुसार सरचार्ज लगाया जाएगा, साथ ही नल कनेक्शन विच्छेदन एवं दुकानों की सीलिंग की कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से की जाएगी।

निगम प्रशासन द्वारा वार्डों में पहुंचकर कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया जा रहा है, जिससे टीम का मनोबल बढ़ा है और वसूली में तेजी आई है। वर्तमान में कुछ ही वसूली शेष है, जिसे शीघ्र पूरा करने के लिए सभी अमला पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटा हुआ है।

## देवगांव स्कूल का स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया

**मगरलोड।** ब्लॉक मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर वनांचल ग्राम देवगांव है जहां की आबादी महज 65 घर है। सन 1974 में प्राथमिक शाला प्रारंभ हुआ। उस समय 15 से 20 घर थे। विद्यालय से अब तक कुल 276 विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है। कोई शिक्षक, सैनिक , पोस्ट मास्टर सहित 14 लोग गांव का नाम रोशन कर रहे है। स्कूल की स्वर्ण जयंती पर बच्चों ने अंगद देव की झांकी प्रस्तुत की। शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष उकेश कुमार ध्रुव ने सभी बच्चों को गुल्लक वितरण कर व्यर्थ खर्च न करने प्रेरित किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

## छात्राओं को मिला मेडल व प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्त महाविद्यालय धमतरी में विभिन्न परीक्षाओं में छात्राओं को मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।

गृहविज्ञान में 9 छात्राएं मेरिट में रहीं मेनका प्रथम, गीतांजलि व्दितीय, ज्योति तृतीय, मीना विश्वकर्मा चतुर्थ, देविका वैरागी पंचम, लकेश्वरी षष्टम व मीनाक्षी साहू ने सप्तम स्थान प्राप्त किया है। इन छात्राओं ने न केवल महाविद्यालय का ही वरन पूरे छग में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह जानकारी श्रीमती सरोज प्रसाद विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान विभाग ने दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट:-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 13 अप्रैल 2026 से शुरू होने की संभावना है। अत: जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

CH चटर्जी हॉस्पिटल
डॉ. सुधीर चटर्जी (एम.डी. मेडिसीन)
अम्बेडकर चौक, रुद्री रोड, धमतरी
मो. नं. : 70006-27909
ओपीडी का समय : प्रात: 10 से 2 बजे, शाम 6 से 8 बजे
सुविधाएं
वात रोग, उदर रोग, मिर्गी
कीमोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध
शुगर, खून, पेशाब जांच की सुविधा
कम्प्यूटराइज ईसीजी मशीन
डायबिटीज, हायपर टेंशन, थॉयरायड
बुखार, मलेरिया, निमोनिया, पीलिया
गुर्दे, लीवर, फेफड़े, नेबुलाइजर मशीन उपलब्ध
मल्टी आर्गन फेलियर, पायजनिंग, सर्पदंश
दिनांक : 3 अप्रैल, शुक्रवार दोपहर 2 से 4 बजे तक
आपके शहर धमतरी में मस्तिष्क एवं स्नायु रोग विशेषज्ञ
सिरदर्द (माईग्रेन, तनाव सिरदर्द) पार्किंसंस रोग (कंपकंपी, जकड़न, धीमी गति से चलना, संतुलन समस्या)
स्ट्रोक/लकवा (अचानक कमजोरी, सुन्नता, दृष्टि समस्या, भाषण कठिनाईयां, संतुलन समस्या)
मिर्गी और दौरे (बार-बार दौरे, आक्षेप, होश खोना) पीठ दर्द, साइटीका

डॉ. छत्रपाल सिंह साहू
MBBS, MD (Med.), DM (Neuro)
(न्यूरो फिजिशियन)